प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, क्योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626
डाक पंजीयन क्रमांक
बालाघाट /दैनिक यशोन्नति / 2 /
2016-17

दैनिक यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+15 अंक 52 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 16 जून 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-2 सिवनी समाचार .....
पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

मोंटी कार्लो से प्रधानमंत्री आवास योजना की 05 करोड़ 92 लाख रूपये की राशि ली गई वापस

कंडीपार में प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण कार्य शीघ्र होगा आरंभ

सिवनी यशोः- सिवनी नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा आम नागरिको को सूचित किया जाता है सिवनी नगरपालिका अंतर्गत कंडीपार सिवनी में एएचपी घटक के अंतर्गत निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के बनने वाले आवासों का निर्माण कार्य मोंटी कारलो लिमिटेड कंपनी द्वारा कराया जा रहा था उक्त कंपनी के ठेकेदार द्वारा प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण कार्य अधूरा कर बीच में ही कार्य बंद कर दिया गया था। ज्ञात होवे कि जैसे ही नगरपालिका में कांग्रेस की सरकार गठित हुई इसके बाद से लगातार पत्राचार के माध्यम से ठेकेदार के विरूध्द कार्यवाही कर अग्रिम की गई भुगतान की राशि वापस करने हेतु प्रशासन को पत्र लिखा गया। प्रशासन द्वारा कार्यवाही की गई तथा मोंटी कारलो कंपनी के द्वारा आज दिनांक 14 जून 2023 को निकाय के खाते में पांच करोड़ 92 लाख रूपये की राशि जमा की गई है। जिसमें 2 करोड़ पांच लाख रूपये की ब्याज राशि सम्मिलित है। नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान एवं सीएमओ आर-के-कुर्वेती ने जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि उक्त राशि का उपयोग नगरपालिका सिवनी द्वारा कंडीपार में अधूरे बने प्रधानमंत्री आवासों के निर्माण कार्य में लगाया जावेगा एवं नपा द्वारा शीघ्र ही कंडीपार में प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण कार्य कराया जावेगा एवं नगर के नागरिकों को उनका हक प्रदान किया जावेगा

नीट की परीक्षा में आस्था भगत ने बनाया उल्लेखनीय स्थान

सिवनी यशोः - हम यदि जीवन में ठान ले तो क्या नही हो सकता कुछ ऐसा ही केन्द्रीय विद्यालय से कक्षा 12 उर्तीण करने के बाद छात्रा कुमारी आस्था भगत ने एनइइटी 2023 मेडिकल प्रवेश परीक्षा में 720 में से 629 अंक लाकर आल इडिया रेंक 14 हजार तीन सौ 80 वी और ओबीसी रैक पॉच हजार आठ सौ पैसठ प्राप्त कर अपने माता पिता समेत स्कूल के षिक्षको के अलावा जिले का नाम रौषन किया है इस सफलता के पीछे की बात पूछने पर आस्था ने बताया कि वह इंदौर में रहकर एलएन कोंचिग सेंटर में तैयारी करने के बाद 6 से आठ घंटे के कडे परिश्रम और लगन के आज उन्होने इस मुकाम को हासिल किया है आगे उनसे पूछा गया कि कुछ ऐसे बच्चे भी है जो अपने जिले से बाहर कोंचिग पढने नही जा पाते तो उन्होने बताया कि इसके पीछे हमें इसका बेस कक्षा दसवी से ही बनाना पडता है और अपने गुरूओ का मार्गदर्षन में अपना कठिन परिश्रम ही हमे अपनी मंजिल तक पहुचा सकता है इस अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय सिवनी में षिक्षक के पद पर पदस्थ पिता युगलकिषोर भगत एवं माता श्रीमति देवेष्वरी भगत ने छात्रा की इस सफलता पर बधाई दी है साथ ही केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य सीव्ही धोते समेत समस्त स्कूल के स्टाफ ने छात्रा को बधाई देते हुए उज्जवल भविश्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री से जिले की विकास योजनाओं पर चर्चा की प्रबंध समिति ने

जिले की प्रबंध समिति ने मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष सहित अनेक नेताओं की मुलाकात

सिवनी यशोः-भारतीय जनता पार्टी सिवनी के जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने गुरूवार को अपने भोपाल प्रवास के दौरान जिले की प्रबंध कार्यसमिति के साथ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से जिले के विकास और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर चर्चा करने के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा एवं संगठन महामंत्री हितानंद जी शर्मा से संगठनात्मक संपन्न कार्यक्रमों की जानकारी एवं आगामी कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

उक्ताशय की जानकारी प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज मर्दन त्रिवेदी ने देते हुये बताया कि भाजपा जिला आलोक दुबे एवं प्रबंध समिति के सदस्य गुरूवार को संगठनात्मक बैठक में हिस्सा लेने भोपाल गये हुये है जहाँ श्री दुबे एवं प्रबंध समिति के सभी सदस्यों ने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से उनके निवास पर पहुँचकर चर्चा की और जिले के विकास से संबंधित कार्यो की चर्चा

की इस दौरान जिला संगठन ने मुख्यमंत्री जी की महत्वाकांक्षी लाड़ली बहना योजना एवं किसान ऋण की ब्याज माफी योजना तथा किसान सम्मान निधि में बढौत्री के लिये जिले की ओर से मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके साथ ही जिले में कृषि महाविद्यालय की मांग रखते हुये कहा कि सिवनी जिला कृषि प्रधान जिला है यहाँ कृषि महाविद्याालय बहुत ही उपयुक्त रहेगा है किसान पुत्रों को इससे बेहतर शिक्षा और रूचिकर विषय की उच्चशिक्षा प्राप्त होगी जिले की आर्थिक संपन्नता और गुणात्मक कृषि सुधार में कृषि महाविद्यालय सहायक सिद्ध होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष ने सिवनी नगरीय क्षेत्र में एमआर वन मार्ग निर्माण, सिवनी को नगर निगम का दर्जा दिलाने के लिये भी मुख्यमंत्री के समक्ष प्रबंध समिति के साथ मांग रखी। इसी प्रकार कुरई महाविद्यालय के भवन निर्माण के जमीन आवंटन की मांग रखी गयी जिस पर मुख्यमंत्री जी शीघ्र संज्ञान लेने के लिये अधिकारियों को निर्देशित किया। बरघाट नगर में डिवाईडर युक्त बेहतर सड़क निर्माण के लिये ध्यान दिलाया जिस मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि यह सारे कार्य शीघ्र हो जायेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिले की प्रबंध समिति से चर्चा करते हुये कहा कि सिवनी का मेडीकल कालेज हमने स्वीकृत कर दिया था परंतु 18 माह शासन करने वाली कमलनाथ सरकार ने सिवनी के साथ बेईमानी करते हुये इसका अस्तित्व समाप्त करने की कोशिश की परंतु सिवनी के लिये यह सौभाग्य रहा कि कमलनाथ की सरकार की विदाई जल्द होगयी और मेडीकल कालेज का काम अब पुनः गति पकड़ चुका है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिले की प्रबंध समिति से कहा कि जिले की चारो विधानसभाओं में सरकार की कल्याणकारी योजनओं का क्रियांबयन सुनिश्चित कराने के लिये संगठन पूरी क्षमता से बूथ स्तर तक जुटे और आमजनों लाभ पहुँचाकर चारों विधानसभाओं में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ कार्य करें।

जिले की प्रबंध समिति ने भाजपा के प्रदेश विष्णुदत्त शर्मा एवं संगठन महामंत्री हितानंद जी शर्मा से भी इस दौरान भेंट की और जिले में संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी दी संगठन के मार्गदर्शन में संपन्न कार्यक्रमों की सफलता पर भाजपा प्रदेश श्री वीडी शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद जी एवं राज्यसभा सांसद एवं जबलपुर संभाग संगठन प्रभारी सुश्री कविता पाटीदार जी ने भाजपा जिला अध्यक्ष की कार्य कुशलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और आगामी कार्यक्रमों को पूरी क्षमता के साथ संपन्न करने के लिये तथा भाजपा के विजय संकल्प को पूर्ण करने के लिये आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी अरुण द्विवेदी जी,जिला अध्यक्ष आलोक दुबे,प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष वैभव पवार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेश दिवाकर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुजीत जैन,केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती नीता पटेरिया,पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी,जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर,जयदीप चौहान,अजय डागोरिया उपस्थित रहे।

सागौन तस्करी के मामले में मुख्य आरोपित फारूख खान सहित तीन आरोपित पहुंचे जेल

सिवनी यशोः- वन विभाग के कर्मचारी के साथ मिलकर वन तस्करी में संलग्न आरोपी फारूख

वनरक्षक ज्ञानचंद को किया निलंबित

खान सहित तीन को जिला न्यायालय ने जेल भेज दिया। बताया गया है ि जिले के दक्षिण सामान्य वनमंडल के परिक्षेत्र सिवनी सामान्य अंतर्गत आने वाले ग्राम बेलगांव के जंगल से वन विभाग की संयुक्त टीम ने 2 जून की देर रात को दो ट्रैक्टर-ट्राली में रखी लाखों रूपये की अवैध सागौन जब्त की थी। वहीं साल्हेखुद निवासी फारूक खान के घर से भी संयुक्त टीम ने दबिश देकर लाखों रूपये की अवैध सागौन जब्त की है। इस मामले में वन विभाग ने गुरूवार को 03 आरोपितों को गिरफ्तार कर जिला न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। वहीं इस प्रकरण में वन विभाग ने एक वनरक्षक ज्ञानचंद सनोडिया को 14 जून को निलंबित किया गया है।

दक्षिण सामान्य वनमंडल के उपवनमंडलाधिकारी योगेश पटेल ने गुरूवार की शाम को जानकारी दी कि दक्षिण सामान्य वनमंडल के परिक्षेत्र सिवनी सामान्य अंतर्गत आने वाले वन क्षेत्र आरएफ 104 की बीट बेलगांव के जंगल से मुखबिर की सूचना पर 02जून की रात्रि में ट्रैक्टर वाहन क्रमांक एमपी 22 एए 6063 एवं बिना नंबर का न्यू सोनालिका ट्रैक्टर वाहन से 21नग सागौन लट्ठा 2.133 घनमीटर, 03 नग सतकठा बल्ली, 1 चट्टा जलाउ लकडी कुल वनोपज कीमती 122011 रूपये बरामद की गई थी। इस दौरान ट्रैक्टर वाहन चालकों व ट्रैक्टर में सवार मजदूरों के बयान पर सर्च वारंट के आधार पर साल्हे खुर्द निवासी मो.फारूक पुत्र कमाल खान के घर और बाडी में दबिश दी गई थी जहां पर सागौन लट्ठा 30 नग 2.779 घनमीटर, सतकठा और सागौन चिरान 134नग 0.650 घनमीटर कुल वनोपज कीमती 162473 रूपये बरामद की गई थी। इस दौरान मुख्य आरोपित फारूक खान फरार हो गया था। जिस पर वन विभाग ने मो.फारूक (63) पुत्र कमाल खान, सुमेश(25) पुत्र मानसिंह परते, राजकुमार (33) निवासी जिला सिवनी के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 (आई), क,ड,च, म.प्र. अभिवहन (वनोपज) नियम 2000 की धारा 41 नियम 03,16 तथा म.प्र. वनउपज (व्यापार विनियमक अधिनियम 1969 की धारा 5 (आई) के तहत वन अपराध दर्ज कर जांच में लिया गया था। गुरूवार को फारूख खान, राजकुमार व सुमेश परते को गिरफ्तार कर जिला न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां उन्हें जेल भेज दिया गया है।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने क्षेत्रांतर्गत मार्ग निर्माण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री का माना आभार

सिवनी यशोः- सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मार्गो को स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार के मुखिया यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया। सिवनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा सरकार द्वारा आमजनों की सुविधा हेतु 5720 लाख लागत का 26 किमी लंबा एवं 07 मीटर चौड़ा गोपालगंज से चक्की खमरिया, सकरदा, मरझोर होते हुए फुलारा मार्ग निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने के लिए सिवनी

विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन द्वारा प्रदेश सरकार के मुखिया यशस्वी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। ज्ञात हो कि क्षेत्रीय जनों की मांग पर उक्त मार्ग के निर्माण के लिए श्री राय द्वारा मुख्यमंत्री जी के समक्ष रखा जाकर आग्रह किया गया था।

कलेक्टर ने किया ईवीएम गोडाउन का निरीक्षण

सिवनी यशोः-आगामी विधानसभा निर्वाचन तैयारियों के मद्देनजर कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने बुधवार 14 जून को ग्राम बींझावाड़ा स्थित ईवीएम- व्हीव्हीपेड गोडाउन पहुंचकर एफएलसी कार्यवाही का अवलोकन कर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को दिए। उन्होंने ईवीएम मशीनों की सुरक्षा को लेकर की गई व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। आगामी निर्वाचन के लिए ईवीएम तथा व्हीव्हीपेड मशीनों का संचालन स्थिति का अवलोकन कर सुरक्षित रख-रखाव करने निर्देश दिए।

ज़बरन नॉलेज

मोदी का नेतृत्व बना रहे इस हेतु सभी जुटें - डी एन

सिवनी यशोः- 2014 में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में दिवाकर का आह्वान

ने शपथ लेने के पश्चात लाल किले की प्राचीर से अपने पहले उद्बोधन में देशवासियों के लिये शौचालय बनाने की बात की थी और अपने आप को देश का प्रधान सेवक कहा था तभी सारे देशवासियों को लगने लगा था कि देश में अब कुछ नया व कुछ अच्छा होने वाला है और हुआ भी वैसा ही, पिछले 9 वर्षो के मोदी जी के कार्यकाल में देश एक गौरवशाली आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित किया है वहीं विश्वपटल पर अपने गौरव को स्थापित करने का अकल्पनिय काम भी किया है। उक्ताशय के विचार सिवनी के पूर्व विधायक व महाकौशल विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष श्री नरेश दिवाकर डी एन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 09 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सिवनी

विधानसभा में संयुक्त मोर्चे के गत दिनों संपन्न हुये सम्मेलन में वक्ता के रूप में अपने संबोधन के दौरान व्यक्त किये।

संयुक्त मोर्चा के गरिमामय कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, सहित सुजीत जैन, प्रेम तिवारी, गजानंद पंचेश्वर, जयदीप सिंह चौहान, राजेश त्रिवेदी, प्रदीप राय, नवल श्रीवास्तव, लालू राय, आनंद शर्मा, सहित जिले के पदाधिकारी व मोर्चो की कार्यकारणी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुये श्री दिवाकर ने कहा कि आज सारा विश्व मोदी को ग्लोबल लीडर मानने लगा है किसी देश का प्रधान मोदी जी के पैर छू रहा है तो कोई बॉस कहकर संबोधित कर रहा है कोई प्रधानमंत्री मोदी से आटोग्राफ मांग रहा है तो कोई वन अर्थ वन युनिवर्स वन मोदी कह कर सम्मान कर मोदीजी के प्रति सम्मान व्यक्त कर रहा है। श्री दिवाकर ने कहा कि आज चारों ओर भारत की जय जयकार हो रही है आज देश के ही नहीं विश्व के देशों में भी भारत माता की जय का उद्घोष हो रहा है। श्री दिवाकर ने कहा कि देश आये दिन पड़ोसी दुश्मन और आतंकवाद से परेशान रहता है परंतु प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व के पश्चात पड़ोसी के घर में घुसकर सर्जिकल स्ट्राईक कर उसे जो जबाव देश के जवानों ने दिया आज आंतकवाद, बम विस्फाट और हत्याओं की घटनाओं से देश को मुक्ति मिली है। श्री दिवाकर ने कहा कि देश की सामरिक शक्ति और साहस को प्रधानमंत्री ने इस स्तर का तैयार कर दिया है कि देश पर बुरी नजर रखने वाले सहम गये है। श्री दिवाकर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश के करोड़ो गरीब परिवारों को आवास और शौचालय मिले, आयुष्मान योजना से लाखों लोगो को जीवनदान मिला है। प्रधानमंत्री जी ने वैश्विक संकट कोरोना काल में जिस साहसिक क्षमता का परिचय दिया उसे विश्व के अन्य राष्ट्र अध्यक्ष अनुकरणीय मान रहे है और भारत के प्रति धन्यवाद ज्ञापित कर रहे है। पूरे देश में गरीबों को निःशुल्क अन्न प्रदान करने के साथ हर व्यक्ति को निःशुल्क वैक्सीन लगवाने का क्रांतिकारी कार्य मोदी सरकार का साहसिक कार्य रहा है। भारत में निर्मित यह वैक्सीन देश के व्यक्तियों को लगाने के साथ मानवता को बचाने के लिये विश्व के अनेक देश को भी उपलब्ध कराने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया।

स्वच्छता के प्रति जागरूकता के साथ आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नये भारत का निर्माण हो रहा है स्टार्टअप योजना और मेक इन इंडिया के माध्यम से रोजगार के अवसर युवाओं को प्राप्त हो रहे है साथ ही उनकी क्षमता का देश के निर्माण में सार्थक उपयोग हो रहा है साथ ही देश की अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहा है विश्व स्तर पर भारत की अर्थव्यवस्था दसवें स्थान पर थी जो वैश्विक संकट के बावजूद 2023 में ग्रेट ब्रिटेन को पछाड़ते हुये पाँचवे स्थान पर आ गयी।

श्री दिवाकर ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में हमारे नेतृत्व की सफलता का लोहा पूरा विश्व मान रहा है। श्री दिवाकर ने अंत में अपने संबोधन में कहा कि देश के आत्मसम्मान को विश्व स्तर पर स्थापित करने के लिये जिस चमत्कारी नेतृत्व ने कार्य किया वह हमारा नेता है हमें अपने स्वयं की और देश के भविष्य के लिये यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व देश को मिलता रहे इसके लिये पूरी ताकत से जुटने की आवश्यकता है।

मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छपारा नारनौरे हुए निलंबित

सिवनी यशोः- आयुक्त,जबलपुर संभाग, जबलपुर द्वारा आदेश क्रमांक/408/स0अ0(वि) / 2023 दिनांक 2 मई 2023 के माध्यम से जनपद पंचायत छपारा के तत्कालीन मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्री लोकेश कुमार नारनौरे को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में श्री नारनौरे का मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय सिवनी निर्धारित किया गया है। श्री लोकेश कुमार नारनौरे को जनपद पंचायत छपारा के पंचायत निर्वाचन वर्ष 2022-23 के लिये अभ्यर्थियों से प्राप्त निक्षेप राशि को अपनी मनमर्जी से अवैध तरीके से व्यय करने एवं चिकित्सा अवकाश का आवेदन देकर लगातार अनाधिकृत रूप से अपने कर्तव्य से अनुपस्थित रहने से लाडली बहना योजना एवं मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान द्वितीय चरण के कार्य एवं अन्य योजनाओं की प्रगति प्रभावित होने के कारण उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई है। जिला प्रशासन द्वारा समस्त अधीनस्थ अमले को सचेत किया गया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुशासनहीनता के लिये संबंधित के विरूध सख्त कार्यवाही की जावेगी।

मुस्लिम ससुराल दे रहा हिन्दू दामाद को जान से मारने की धमकियाँ

मुस्लिम युवती से प्रेमविवाह के बाद बढ़ी हिन्दू युवा की परेशानी.

ग्वालियर. एक मुस्लिम युवती से प्रेम विवाह करना एक हिन्दू युवक के लिए जानलेवा साबित हो रहा है. मामला मुरैना के सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र का हैं जहाँ हिन्दू युवक नवीन शाक्य और मुस्लिम युवती फरजाना ने लगभग 20 दिन पहले हिन्दू रीति रिवाजों से प्रेम विवाह कर लिया. दोनों ही एक दूसरे को 3 साल से जानते हैं व अब उन्होंने साथ रहने का फैसला किया. उन्होंने यह बात अपने परिजनों को भी बताई, पहले तो कोई परिवार इसके लिए तैयार नहीं हुआ लेकिन काफी समझाने के बाद नवीन का परिवार फरजाना को स्वीकारने तैयार हो गया. इससे बौखलाए फरजाना के परिवार द्वारा नवीन को लगातार जान से मारने की धमकियाँ दी जा रहीं हैं.

इससे परेशान होकर नवीन और फरजाना ने 12 जून को ग्वालियर आकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा की मांग की है. नवीन के अनुसार फरजाना के परिवार द्वारा उस पर मुंबई आकर इस्लाम अपनाने का दबाव डाला जा रहा है जबकि नवीन और फरजाना दोनों ही इसके लिए तैयार नहीं है. इसके बाद फरजाना के परिवार द्वारा नवीन के नाना को भी जान से मारने की धमकियाँ दी गई हैं. पुलिस ने नवदंपत्ति को सुरक्षा प्रदान करने का भरोसा दिलाया है.

बता दें की ऐसा ही एक मामला गत माह प्रदेश के ही खंडवा से भी सामने आया था जहाँ 12 मई को मुस्लिम ससुराल द्वारा हिन्दू दामाद के साथ बेरहमी से पिटाई की गई थी जिससे घायल हिन्दू युवक ने 16 मई को अस्पताल में दम तोड़ दिया था.

भारतियों के मन में राष्ट्रीयता का भाव जागृत करने वाले शिवाजी महाराज का जीवन सदैव सिखाता है

महिमा तारे-

छत्रपति शिवाजी महाराज को समझने के लिए उनके स्वराज, सुराज और रणनीतिक कौशल को समझना होगा और तभी हम उनके संपूर्ण व्यक्तित्व को समझ सकते हैं और कह सकते हैं शिवाजी यानी स्वराज शिवाजी, यानी सुराज शिवाजी, यानी एक कार्यशैली।

शिवाजी महाराज ने स्वराज के माध्यम से हिंदुओं के सोएं हुए स्वाभिमान को जागृत किया और उन्हें हिंदू होने पर गर्व करना सिखाया। उन्होंने स्वभाषा, स्वभूषा और स्व संस्कृति पर हिंदुओं को गर्व करना सिखाया।

हिन्दुओं की आत्मविस्मृति को सबसे पहले शिवाजी ने ही जागृत किया। जिसकी प्रेरणा उन्हें अपनी मां जीजाबाई, पिता शाहजी व दादा कोंडदेव से प्राप्त हुई थी।स्वराज के माध्यम से ही उन्होंने हर एक भारतीय के मन में राष्ट्रीयता का भाव जागृत किया। तभी तो विदेशी इतिहासकार ग्राउंड डफ लिखता है कि ÷शिवाजी द्वारा जीती हुई भूमि और संपत्ति का मुगलों पर विशेष प्रभाव नहीं हुआ किंतु उन्होंने महाराष्ट्र के लोगों के मन में स्वराज की जो प्रेरणा जगाई वह मुगलों पर भारी पड़ी÷।

स्वराज की इसी भावना के साथ उन्होंने 400 वर्ष पहले आत्मनिर्भर भारत का सपना भी देखा था। इसका उदाहरण है जब अंग्रेजों से शिवाजी ने तोप बनाने की विधि मांगी तो अंग्रेजो ने विधि बताने में आनाकानी की। इस पर शिवाजी ने फ्रांस से समझौता कर पुरंदर के किले में तोपों का कारखाना लगवाया। इस तरह विदेशों से तोपे न मंगवाते हुए। पीतल और मिश्रित धातुओं से स्वदेश में ही उत्कृष्ट तोपों का निर्माण करवाया।

वही स्वदेशी जल पोतो के निर्माण के लिए उन्होंने कल्याण और भिवंडी में कारखाने लगवाए।

राजकाज में स्व भाषा का प्रयोग हो इसके लिए उन्होंने कई फारसी शब्द का संस्कृत या मराठी में प्रयोग करना चालू किया। जैसे आदिल को न्यायाधीश कहना और लिखना शुरू किया। इसी तरह साहब की जगह स्वामी, पेशवा को प्रधान ऐसे लगभग 1400 शब्दों को बदलकर उनका संस्कृत या मराठी में उपयोग चालू किया। उनका मानना था कि भाषा अपने साथ सोच और संस्कृति भी लाती है। शिवाजी के जीवन का अध्ययन करने वाले कहते हैं कि शिवाजी का सार्वजनिक जीवन 36 वर्षो का रहा। जिसमें 6 वर्ष का समय उन्होंने युद्ध भूमि में व्यतीत किया। और शेष 30 वर्ष उन्होंने अपने राज्य में दुर्गो का निर्माण करवा करवाया और शासन की सुव्यवस्थित योजना बनाने में व्यतीत किया।उन्होंने तीन सौ से अधिक दुर्गो का निर्माण करवाया। इसीलिए उन्हें दुर्ग राज भी कहा जाता है। शासन चलाने के लिए उन्होंने 22 राजाज्ञाएं जारी की। जिन्हें राम चंद्र पंत ने आज्ञा पत्रों के रूप में जारी किया।

इन 22 आज्ञा पत्रों में बताया गया कि शासन चलाने वाले का स्व अनुशासन कैसा हो, विदेशी व्यापारी के साथ कैसा व्यवहार किया जाना चाहिए। रिश्तेदारों से शासन प्रमुख को कितनी दूरियां रखनी चाहिए। मंत्रियों और सहयोगियों से कैसा व्यवहार करना चाहिए। इसका विस्तृत वर्णन इन आज्ञा पत्रों में किया गया है। वही शिवाजी ने संपूर्ण राज्य संचालन के लिए जिन अधिकारियों को नियुक्त किया। वे ÷अष्ट प्रधान÷ के नाम से जाने गए। इसी का परिणाम था कि शिवाजी की मृत्यु के बाद भी औरंगजेब दक्षिण पर विजय नहीं नहीं कर पाया। 1680 में शिवाजी के जाने के बाद भी 27 वर्षों तक स्वराज को नहीं जीत पाया और सन 1707 में दक्षिण में ही उसकी मृत्यु हुई।इसका कारण था स्व संचालित और स्व नियंत्रित कार्यपद्धती।

शिवाजी महाराज जनसंवाद को सुशासन का आधार मानते थे।इस पर मुगल इतिहासकार लिखता है कि ÷शिवाजी कुंए पर पानी भरने आई महिलाओं से वैसे ही संवाद करते थे जैसे हम अपने घरों के माता बहनों से करते हैं।÷

यहां पर दो उदाहरणों के माध्यम से हम शिवाजी के रणनीति कौशल और न्याय प्रियता को समझ सकते है।

अफजल खान से भेंट से पूर्व शिवाजी ने सारी परिस्थितियों का आकलन किया। आवश्यक कार्य योजना बनाई और युद्ध के लिए प्रस्थान करने से पूर्व अपने सभी सहयोगी और विभिन्न मोर्चो पर डटे हुए हर सैनिक तक यह बात पहुंचाई की गत रात्रि मां भवानी ने स्वप्न में आकर उन्हें आशीर्वाद दिया और कहा है कि आज तुम्हारी विजय निश्चित है। इस तरह 30, 35 हजार कि अफजल खान की सेना के सामने युद्ध के लिए तैयार खड़े अपने 15, 20 हजार सैनिकों के मन में उन्होंने यह आस्था खड़ी कर दी कि उनकी आज विजय ही विजय है।

उनकी न्याय प्रियता को समझने के लिए एक ही उदाहरण काफी है। कान्होजी जेधे स्वराज के वरिष्ठ व्यक्ति थे। वे शिवाजी के पिता के साथी भी थे। शिवाजी उनका सम्मान करते थे। कान्होजी जेधे का रिश्तेदार खंडोजी खोपड़ा पर अफजल खान से मिलने और स्वराज की जानकारी देने का आरोप था। जब युद्ध खत्म हुआ तो खंडोजी पर राष्ट्रद्रोह का आरोप सिद्ध हुआ।तब राष्ट्यद्रोह की सजा केवल मृत्यु थी।

चूँकि खंडोजी, कान्होजी के रिश्तेदार थे। इसलिए उन्होंने शिवाजी से खंडोली को मृत्युदंड न देने की प्रार्थना की। शिवाजी ने तब तो अपने वरिष्ठ सहयोगी का मान रख लिया और खंडोजी को मृत्युदंड नहीं दिया। पर वह बेचैन रहे कि राष्ट्रद्रोही को उन्होंने कोई सजा नहीं दी। पर कुछ दिनों बाद उन्होंने उसके बाएं पैर और दाहिनें हाथ को कटवाने का आदेश दिया।

इस पर कान्होजी ने शिवाजी से प्रश्न किया कि आपने वचन भंग किया। इस पर शिवाजी का उत्तर था की यदि उन्होंने कोई सजा नहीं दी होती तो राज्य में यह संदेशा जाता कि देशद्रोह परिचय से बड़ा है और यह स्वराज के लिए ठीक नहीं था। आपने मृत्युदंड के लिए मना किया था। मैंने आपकी आज्ञा का पालन किया।

शिवाजी महाराज की इन्हीं विशेषताओं को लेकर स्वामी समर्थ ने अपनी कविता के माध्यम से शिवाजी को अनेक उपमाएं दी है।

÷यशवंत, कीर्तिवर्धन,
वरदवंत।
पुण्यवंत,नीतिवंत,जाणता
राजा।÷

छत्रपतिशिवाजी महाराज स्वराज के जन्मदाता रहे। उनके अवसान के बाद भी सन 1680 से सन 1857 तक स्वराज का विचार लोगों के मन में रहा और यही विचार 1857 की क्रांति का आधार बना और हमने संघर्ष करते हुए 1947 में संपूर्ण स्वाधीनता प्राप्त की।

प्रदेश में 17 से बारिश होने के आसार

भोपाल। अरब सागर में उठा तूफान बिपरजॉय और राजस्थान के गर्म रहने की वजह से मध्यप्रदेश में भी गर्मी का असर है। यह प्रभाव अगले 3 दिन यानी 14, 15 और 16 जून तक रहेगा। 17 जून से प्रदेश में मौसम बदलेगा और गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की संभावना है। हालांकि, अगले तीन दिन तक प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश भी हो सकती है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि लोकल सिस्टम की बारिश कराएगा। 20 जून के बाद ही मानसून प्रदेश में एंट्री करेगा।

सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि तूफान ने सारी नमी खींच ली है। इस कारण प्रदेश में मौसम साफ है। सूरज की धूप सीधे जमीन पर आ रही है। इससे तेज गर्मी है। दूसरी ओर राजस्थान भी गर्म है। इस कारण वहां से गर्म हवाएं मध्यप्रदेश में आ रही हैं और सीमा के जिलों में गर्मी का असर ज्यादा है। बुधवार को छतरपुर जिले के खजुराहो और नौगांव में लू जैसे हालात बने रहेंगे। अभी टेम्प्रेचर यहां सबसे ज्यादा है। अगले तीन दिन यहां तेज गर्मी पडने् के आसार बन रहे हैं। तूफान पाकिस्तान के रास्ते राजस्थान में जाएगा। वहां पर 16-17 जून को बारिश होने के आसार हैं। इस कारण मध्यप्रदेश में भी मौसम बदलेगा। गर्म हवाएं ठंडी हवाओं में बदल जाएगी और गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी।

मध्यप्रदेश नौतपा जैसा तपा। रात नौगांव में पारा 31.5 डिग्री तक पहुंच गया। रीवा-टीकमगढ़ में 31.0, उमरिया में 30.8 डिग्री न्यूनतम तापमान दर्ज हुआ है।

27 जून को भोपाल आएंगे PM मोदी, प्रदेश को देंगे ये बड़ी सौगात

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में पांच माह का समय बचा है। इससे पहले भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों के दौरे शुरू हो गए है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 जून को भोपाल आ रहे हैं। वह जबलपुर-इंदौर वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। वहीं, भाजपा के देश भर के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं का संबोधित करेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने बुधवार को मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री 27 तारीख को भोपाल आ रहे हैं। प्रधानमंत्री भारतीय जनता पार्टी के देशभर के डिजिटल रैली के लिए चयनित ढाई हजार लोगों को संबोधित करेंगे। वहीं इसका सीधा प्रसारण देश के दस लाख बूथों पर होगा। वीडी शर्मा ने कहा कि हमारे 64 हजार 100 बूथों पर हर कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष से बूथ समिति और लेकर पन्ना प्रमुख से लेकर पन्ना समिति, जो हमारा बूथ का नेटवर्क है उन सबको संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 38 लाख कार्यकर्ता मध्य प्रदेश के डिजिटल एनरोल्ड है, जो उस रैली में शामिल होंगे।

गंगा जमना स्कूल मामला- स्कूल में अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाने के निर्देश, जीएसटी टीम ने पकड़ी 78 लाख की टैक्स चोरी

भोपाल। मध्यप्रदेश के दमोह जिले के गंगा जमना स्कूल में हिजाब और कन्वर्जन के बाद फर्म पर टैक्स चोरी का आरोप लगा है. जीएसटी अधिकारियों की टीम ने देर रात छापेमार कार्रवाई की. शुरुआती जांच में 78 लाख रुपए की टैक्स चोरी पाई गई है. तेंदूपत्ता, हार्डवेयर, कपड़ा और दालों के लेनदेन सहित कई व्यापार में की टैक्स चोरी हुई थी. अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी जारी है. टैक्स चोरी का आंकड़ा बढ़ सकता है.

आरोपियों की तलाश में पुलिस

इसके साथ ही पुलिस की टीम गंगा जमना स्कूल के प्रबंधक और संचालकों के ठिकानों पर दबिश दी. टीआई विजय सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस की कई टीमों ने छापा मारा. फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तलाश की जा रही है. पुलिस इदरीश सहित अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है.

स्कूल में बुलडोजर चलाने के निर्देश

सरकार ने गंगा जमुना स्कूल को अवैध निर्माण बताते हुए बुलडोजर चलाने के निर्देश दिए गए हैं. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से चर्चा के बाद गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि आज दमोह के गंगा जमुना स्कूल पर बुलडोजर चलेगा. जांच में प्रथम दृष्टया रिपोर्ट में निर्माण अवैध है. स्कूल का एक हिस्सा अवैध निर्माण करके बनाया गया है. स्कूल के संचालकों को भी नहीं छोड़ा जाएगा.

सतपुड़ा भवन अग्निकांड की विस्तृत जांच रिपोर्ट 15 दिन में देगी समिति, तय होगी जिम्मेदारी

रिपोर्ट के बाद ही इस हिस्से में आफिस संचालित करने को लेकर निर्णय लिया जाएगा

भोपाल। सतपुड़ा भवन अग्निकांड की जांच कर रही उच्च स्तरीय समिति अपनी विस्तृत रिपोर्ट 15 दिन में प्रस्तुत करेगी। सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से बुधवार को समिति गठन का आदेश जारी किया गया। समिति आग लगने का कारण, उससे हुई क्षति का आकलन करेगी। साथ ही आग लगने की घटना के लिए जिम्मेदारी तय करने की अनुशंसा करेगी। इसके अलावा जांच में आग लगने से भवन को हुई क्षति का भी आकलन किया जाएगा। समिति भविष्य में इस तरह की घटना ना हो इसके लिए भी अपने सुझाव देगी।

तीन दिन में प्रारंभिक रिपोर्ट देगी

अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा की अध्यक्षता में गठित समिति में प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास नीरज मंडलोई सदस्य सचिव, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग सुखवीर सिंह और अतिरिक्त महानिदेशक अग्नि शमन सेवाएं आशुतोष राय सदस्य हैं। समिति तीन दिवस में प्रारंभिक प्रतिवेदन और विस्तृत जांच प्रतिवेदन 15 दिन में देंगी। इस रिपोर्ट के बाद ही इस हिस्से में आफिस संचालित करने को लेकर निर्णय लिया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग ऑफिस के लिए ढूंढ रहा जगह

सतपुड़ा भवन में आग से स्वास्थ्य विभाग का पूरा कार्यालय ही जल कर खाक हो गया है। अभी स्वास्थ्य विभाग के करीब 400 लोगों के स्टाफ के बैठने के लिए हेल्थ कारपोरेशन, भोपाल सीएमएचओ की नई बिल्डिंग और एनएचएम कार्यालय की बिल्डिंग में व्यवस्था की गई है। अधिकारियों के अनुसार यहां पर कर्मचारियों के बैठने के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। इसके लिए अब स्वास्थ्य विभाग संचालनालय के संचालन के लिए नई जगह की तलाश कर रहा है। इसके लिए वन भवन और बीएसएसएनल की बिल्डिंग को अधिकारियों ने देखा है। विभाग को कमरी 30 हजार वर्ग फुट का स्पेस चाहिए। बता दें, स्वास्थ्य संचालनालय में रेनोवशन का काम चल रहा है।

इसके लिए करीब 9 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे, जिसमें से करीब ढाई करोड़ में छठवें माले पर काम करीब करीब पूरा हो गया था। जो जलकर अब पूरी तरह राख हो गया है।

कोर्ट केस और डॉक्टरों के रिकॉर्ड सबसे बड़ा नुकसान

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आग में सबसे बड़ा नुकसान कोर्ट केस के रिकॉर्ड, अलग-अलग जांचों संबंधित फाइल और डॉक्टरों के सर्विस रिकॉर्ड के जलने से हुआ है। नर्सिंग स्टाफ से लेकर नियुक्तियों से संबंधित जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध है। इसमें डॉक्टरों की पेंशन का रिकॉर्ड भी जल गया है। विभाग ने अलग-अलग शाखाओं की कमेटी बनाई है। जिन्हें अपने शाखा से संबंधित बचे रिकॉर्ड को निकालने के लिए कहा गया है।

संघ स्वयंसेवक के हत्या में 3 मुस्लिम महिलाऐं गिरफ्तार

खंडवा। शहर में लगभग 3 साल पहले हुए संघ स्वयंसेवक राजेश फूलमाली की नृशंस हत्या के मामले में फरार 3 महिला आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बता दें की 3 साल पहले 18 मई 2020 को स्वयंसेवक राजेश फूलमाली द्वारा मुस्लिम युवकों द्वारा किए गए एक आपत्तिजनक पोस्ट की पुलिस शिकायत से बौखलाकर हापला - दीपला गांव में मुस्लिमों की भीड़ द्वारा राजेश फूलमाली की नृशंस हत्या कर दी गई थी।

पुलिस ने इस मामले में सरफराज, सलमान, शाबीर, अरमान, शाकिर, आसिफ, अब्दुल, अमीन, बरकत, वहीद, सोनू, सलमान, सादिक, इरशाद, परवेश, युसूफ सहित 26 लोगों को आरोपी बनाया था. इस हत्याकांड में 15 आरोपियों की तत्काल एवं 8 की बाद में गिरफ़्तारी की गई थी. लेकिन इस प्रकरण की 3 और महिला आरोपी लम्बे समय से फरार चल रहीं थीं. पुलिस की टीमें इन महिला आरोपियों की लम्बे समय से तलाश में लगीं थीं. सूचना मिलने पर पुलिस की 10 टीमों ने 3 महिला आरोपी जमीला, शायरा और मेहजबिन को खंडवा के ही खानशाहवली से गिरफ्तार किया।

तीनों महिला आरोपी लम्बे समय से पुलिस को चकमा दे रहीं थीं. हर बार पुलिस की जानकारी मिलते ही यह आरोपी भूमिगत हो जाती थीं, इसलिए इस पर अपने सूत्रों से पुख्ता खबर मिलन पर 3 पुलिस थानों ने संयुक्त कार्रवाई कर इनको गिरफ्तार किया है. जल्द ही राजेश फूलमाली हत्याकांड में न्यायालय अपना निर्णय सुनाएगा।

नई जेल होगी आधुनिक : दमोह में बनी अंग्रेजों के जमाने की जेल 161 करोड़ रुपये में बिकी

भोपाल। मध्यप्रदेश के दमोह में बनी अंग्रेजी शासन की जिला जेल को सरकार ने 161 करोड़ रुपये में बेच दिया है। पुरानी जेल अब शहर से बाहर शिफ्ट होगी। इसे जबलपुर बाईपास मार्ग पर बरपटी पहाड़ी पर मॉडल कॉलेज के सामने 25 एकड़ जमीन पर शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए राजस्व विभाग ने 25 एकड़ जमीन जेल विभाग को मुहैया भी करा दी है। इससे पहले नई जेल बनाने के लिए हाउसिंग बोर्ड की ओर से टेंडर जारी किया गया था। इसकी टेंडर प्रक्रिया छह महीने से रुकी हुई थी। जबकि टेंडर के लिए तीन फर्म सामने आई थीं। उनमें एक योगेश एंड कंपनी भोपाल ने 161 करोड़ और जबलपुर की फर्म समदड़िया ने 151 करोड़ रुपये का टेंडर डाला था। इसके अलावा एक अन्य फर्म भी इसमें शामिल हुई थी। इसी सिलसिले में आठ जून को टेंडर खोले गए। भोपाल की योगेश एंड कंपनी ने सबसे ज्यादा बोली लगाई। इसके बाद सबसे ज्यादा रेट डालने वाली भोपाल की योगेश एंड कंपनी को 161 करोड़ रुपये में जेल सौंप दी गई। शर्त के मुताबिक, टेंडर लेने वाली एजेंसी पहले बरपटी पर नई जेल बनाएगी। फिर यहां पर जेल का निर्माण पूरा होने के बाद उसमें पुरानी जेल को शिफ्ट करेगी।

नईं जेल में होगी ये सुविधाऐं

जानकारी के मुताबिक, नई जेल में नौ बैरक होंगी। इसमें इंटेंस प्लाजा, दो गार्ड रूम, भर्ती कक्ष, प्रशासनिक भवन, अस्पताल भवन, अनाज भंडार, तीन रसोई घर और डाइनिंग हॉल, वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर, महिला और पुरुष कैदियों के लिए अलग-अलग वर्कशॉप, वीसी रूम और लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं होंगी। इसके अलावा करीब 300 सीटर सभाकक्ष, 20 मीटर ऊंचे वॉच टॉवर और ओपन जेल जैसी व्यवस्थाएं भी रहेंगी।

76 स्टाफ आवास, बच्चों को गार्डन

नई जेल के साथ अधिकारी-कर्मचारियों के लिए 76 नए आवास जिनमें दो ई-टाइप क्वार्टर, चार एफ टाइप, 20 जी टाइप, 48 एच टाइप और दो आई टाइप आवास बनाए जाएंगे। मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के महाप्रबंधक एमके खरे ने बताया कि टेंडर लेने वाली एजेंसी तकरीबन 82 करोड़ रुपये की राशि से नई जेल की बिल्डिंग बनाएगी। बाकी राशि शासन के खाते में जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पुरानी जेल 12 एकड़ में फैली है, इसमें 333 कैदी रखे जा सकते हैं। लेकिन जो नई जेल बन रही है, उसमें एक साथ 700 कैदी रखे जा सकेंगे। इस जेल में मल्टीपरपज सुविधाएं होंगी।

चाकू लगने से युवक की मौत का मामला उलझा, पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार

भोपाल। जहांगीराबाद इलाके में युवक के गले में चाकू लगने से मौत का मामला उलझता जा रहा है। मामले में अब मृतक के स्वजनों ने चक्काजाम कर हत्या के आरोप लगाए हैं। इस पर पुलिस ने जांच में उनके आरोपों को शामिल कर लिया है। पुलिस इस मामले में डाक्टरों की सलाह और पोस्टमार्टम रिपोर्ट समेत अन्य साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करने की बात कह रही है। हम बता दें कि मंगलवार शाम साढ़े पांच के करीब बरखेड़ी रायसेन रोड निवासी आमिर खान (25) बड़वाली मस्जिद के पास रहने वाली एक नाबालिग के घर गया था। दोनों अक?सर फोन पर बातें करते थे। दोनों के बीच शादी की बात भी चली गई थी, लेकिन नाबालिग के पिता ने बच्ची के छोटी होने का हवाला देकर शादी करने से इंकार कर दिया था। इस पर युवक नाराज था। नाबालिग के स्वजनों ने पुलिस को जो घटनाक्रम बताया उसके मुताबिक युवक ने आकर हंगामा मचाया था और जबरन उनकी बेटी को साथ लेकर जाने की बात कह रहा था।

जिला हज कमेटी का गठन

सिवनी यशोः-भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा एवं चेयरमैन हज कमेटी माननीय रफत वारसी जी के मार्गदर्शन एवं माननीय जिला अध्यक्ष आलोक दुबे जी के निर्देशानुसार अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष शाहिद खान साहब की अनुशंसा पर नगर उत्तर मंडल अध्यक्ष संजय सोनी नगर दक्षिण मंडल अध्यक्ष अभिषेक दुबे जी जिला हज कमेटी के अध्यक्ष शब्बीर वारसी की सहमति से जिला हज कमेटी का गठन और चयन किया गया जिसमें जिला हज कमेटी के उपाध्यक्ष पद पर हाजी अनीस अंसारी सिवनी शकील खान सिवनी पप्पू जफर उस्मानी सिवनी डॉ राजू सिवनी हादी खान सिवनी अनीश खान लखनादौन जिला हज कमेटी के महामंत्री पद पर हमीद खान सिवनी शकील फारूकी सिवनी शोएब खान सिवनी मोहम्मद कलाम पलारी केवलारी इसी तरह जिला हज कमेटी के सचिव पद पर हसीब खान कुरई शेख गुलमीर उर्फ बब्लू सिवनी फईम खान सिवनी जमील खान सिवनी हुसैन खान सिवनी शहजाद खान सिवनी कमरुद्दीन अतारी सिवनी कोषाध्यक्ष कादर खान सिवनी मीडिया प्रभारी जिब्राइल मंसूरी सिवनी रफीक खान छपारा जिला हज कमेटी पदाधिकारियों का गठन किया गया है।

किसान सम्मान निधि किसानों को मिलेगी अब 12 हजार प्रतिवर्ष - राकेश पाल

मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना के प्रमाण पत्र वितरित किये केवलारी विधायक पाल ने

केवलारी यशोः- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कर्ज से दबे हुए किसानों को राहत देने के लिये, मध्यप्रदेश के सागर मेजनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री कृषक ब्याज ऋण माफी योजना की शुरुआत की है। जिसमें जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों से संबद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों से जुड़े किसान जिन पर 31 मार्च 2023 तक मूलधन एवं ब्याज सहित कुल दो लाख बाकी है और जो डिफाल्टर घोषित किए गए हैं उन्हें लाभ पहुंचाने हेतु इस योजना की शुरूआत की है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने योजना का प्रतीकात्मक आवेदन फार्म भी भरा। श्री सिंह ने कहा कि जो किसान लोन डिफाल्टर हो गए हैं और खाद बीज नही उठा पा रहे हैं उनके कर्ज का ब्याज माफ किया जाएगा। योजना के प्रारंभ में मध्यप्रदेश के लगभग ग्यारह लाख उन्नीस हजार किसान इस योजना से लाभान्वित होंगे। इसके लिए मध्य प्रदेश सरकार संबंधित बैंकों को बकाया ब्याज राशि 2123 करोड रुपए का भुगतान करेगी। कर्ज में दबे किसानों के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की यह योजना संजीवनी साबित हो रही है।

उक्ताशय की बात केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने केवलारी में आयोजित मुख्यमंत्री कृषक ब्याज माफी योजना के प्रमाणपत्र कार्यक्रम के दौरान कही।

श्री पाल ने कहा कि शिवराज सरकार लगातार किसानों के हित में काम कर रही है किसानों को अनेक योजनाओं के माध्यम से सशक्त करने का काम केवल भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किया है मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसान सम्मान निधि के भी 4000 रूपये बढाकर 6000 हजार रूपये कर दी है। इस प्रकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान 6000 रूपये और प्रदेश सरकार की ओर से किसान सम्मान निधि मिलाकर 12000 रूपये अब किसानों को हर वर्ष प्राप्त होगी। श्री पाल ने कहा कि इसके साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसान बैंकों से लोन लेकर अपनी फसल को कई गुना काट रहा है जिससे आज हमारा किसान सशक्त और संपन्न हो गया है इसके साथ ही केवलारी विधानसभा के किसानों को भरपूर पानी मिल सके इस हेतु मेरे द्वारा 204 करोड रुपए की राशि की स्वीकृति हेतु केंद्र सरकार को भेजा गया जो जून के अंतिम तक स्वीकृत होकर काम चालू होने की संभावना है इसके साथ ही विधायक राकेश पाल सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में चुनाव होने हैं जिसमें प्रदेश और केन्द्र की कल्याणकारी भाजपा को पुनः चुनने के लिये हमें पूरी ताकत से जुटना है जनसमुदाय की ओर से इस अवसर पर राकेश पाल फिर अबकी बार के जोरदार नारे लगते रहे।

सिवनी के खिलाड़ी ने गोल्ड प्राप्त किया

सिवनी यशोः- सिवनी शहर के ओवैस खान ने हॉकी में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में आयोजित 67 वीं राष्ट्रीय स्कूली हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में देशभर के कई प्रांतो की स्कूली टीमों ने हिस्सा लिया। वहीं मध्य प्रदेश की टीम में सिवनी शहर के ओवैस खान का चयन किया गया था। जो कि सिवनी शहर के शफी स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ी है। ओवैस खान ने ट्रायल के दौरान अपने शानदार खेल के दम पर मध्य प्रदेश की टीम में स्थान बनाया था। और ग्वालियर में आयोजित प्रतियोगिता में भी अपने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की टीम ने अपने उत्कृष्ट खेल से उत्तर प्रदेश की टीम को 4क्क1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया इस कामयाबी से समस्त स्कूल स्टाफ और शफी स्पोर्ट्स क्लब में खुशी का माहौल बना हुआ है। इस अवसर पर हॉकी के वरिष्ठ खिलाड़ी गणों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

नगर के दुल्हा देव मंदिर में आयोजित हुआ हवन पूजन एवम विशाल भंडारा

छपारा यशोः- सिवनी जिले के छपारा में सार्वजनिक दुल्हादेव मंदिर समिति द्वारा आज स्थापना दिवस के अवसर पर रघुवंशी समाज द्वारा बस स्टैंड छपारा से एक विशाल रैली निकालकर दुल्हा देव मंदिर तक नाचते गाते झूमते महिलाओं और पुरुषों ने एक सी वेशभूषा पहनकर रैली में भाग लिया।

साथ ही मंदिर की शिखर पर कलश स्थापित किया गया इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तों के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जो शाम से देर रात्रि तक चलता रहा ,,,हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर पूजन अर्चन कर महाप्रसाद ग्रहण किया।

कलेक्टर ने तहसील कार्यालय लखनादौन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

सिवनी यशोः- कलेक्टर क्षितिज सिंघल ने बुधवार 14 जून को

अपने लखनादौन प्रवास के दौरान तहसील कार्यालय लखनादौन का औचक निरीक्षण कर कार्यालयीन कार्यो एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालय स्थित विभिन्न शाखाओं में जाकर संचालित गतिविधियां /कार्यो का सूक्ष्मता से अवलोकन कर उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी दौरान रीडर द्वारा कार्यालयीन दस्तावेजों का व्यवस्थित एवं सही ढंग से संधारण न करने पर कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

पेंच नहर परियोजना की खामियों को दूर किया जाए : किसान नहर सत्याग्रह

सिवनी यशोः- पेंच नहर में पहले से बहुत भारी भ्रष्टाचार हुआ है जहां न तो नहरों के स्तर का ध्यान रखा गया न ही गुणवत्ता का। जिसका खामियाजा जिले के किसानों को उठाना पड़ रहा है। पेंच परियोंजना के 10 साल पूरे होने आ रहे है वहां आज भी सिंचाई के लिए जिले के लक्षित क्षेत्र से आधे में भी पानी नहीं मिल पा रहा है जिससे क्षेत्र किसानों को प्रति वर्ष करोड़ों का घटा हो रहा है। लेकिन अबकी बारी किसान अपनी बातें रखने और लड़ने स्वयं आगे आ रहा है। पेंच नहर के निर्माण की अनियमितताओं को लेकर किसान नहर सत्याग्रह द्वारा मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग एवं कलेक्टर सिवनी के नाम से ज्ञापन सौंपकर अनियमितताओं से अवगत कराया और जल्द कार्यवाही की मांग की ऐसा होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी।



ज्ञापन में कहा गया कि सिवनी बैंक शाखा जिसके माध्यम से लगभग 15 से 18 हज़ार हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचित किया जाना है. सिवनी बैंक शाखा सिवनी से छिंदवाड़ा राजमार्ग में दक्षिण दिशा से राजमार्ग में पुलिया के माध्यम से उत्तर दिशा में जाती है जो ग्राम नरेला में डी-6 एवं डी-7 को पानी देगी. परन्तु राजमार्ग में जिस पुलिया का निर्माण कराया गया है

उस पुलिया में केवल 2 पाइप जिनकी चौड़ाई 14 से 18 हज़ार हेक्टेयर भूमि की सिंचाई के लिए पर्याप्त नहीं है अनुमान के मुताबिक ये केवल 5 से 8 हज़ार हेक्टेयर भूमि को सिंचित किये जाने योग्य भी पानी उपलब्ध नहीं करा पायेगा.

दूसरी ओर डी-6 एवं डी-7 नहर निर्माण की गति बहुत धीमी है एवं इनके सिवनी बैंक शाखा से जुडाव के स्थानों पर एलाइनमेंट में गड़बड़ी नज़र आती है. जहा नरेला के समीप जहाँ डी-6नहर कटती है जो ग्राम पुसेरा की ओर जाती है. वहां मुख्य नहर का निचला तल और डी-6 का मुहाना के बीच लगभग 7 फीट से अधिक का अंतर है इसी प्रकार जहा नरेला के समीप जहाँ डी-6 नहर कटती है जो ग्राम भोंगा खेडा ग्राम की ओर जाती है वहां भी मुख्य नहर का निचला तल और डी-7 का मुहाना के बीच लगभग 8 फीट से अधिक का अंतर है. इन परिस्थितियों में इन दोनों नहर के माध्यम से भविष्य में प्रस्तावित रकबे से 40 प्रतिशत से अधिक तक का भी सिंचित किया जाना संभव नज़र नहीं आता है. कुछ स्थानों पर तो नहर के प्रारंभिक भाग का तल आगे के भाग से नीचा है जिससे पानी उलटी दिशा में वापस आ जाता है.

इन तकनिकी खामियों को दूर करते हुए नहर के कार्य में तेजी लाई जाए जिससे क्षेत्र के किसानो को आवश्यक सिंचित किये जाने हेतु जल रवि की फसल के पूर्व मिल पाए. ज्ञापन देते समय किसान नहर सत्याग्रह की ओर से श्री विजय बघेल, अधिवक्ता अर्पित देशमुख, अधिवक्ता नवेंदु मिश्र आदि उपस्थित रहे।

अनियंत्रित होकर बाईक फिसली, 1 व्यक्ति गंभीर घायल, बिनेकी और बरेला के बीच पेट्रोल पंप के पास की घटना

सिवनी जिले के बिनेकी और बरेला के बीच पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित होकर बाईक फिसल गई। जिसमें बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगो ने पुलिस एवं 108 वाहन में दी। जहाँ 108 एम्बुलेंस के एम.टी मनीष रैकवार एवं पायलट संदीप बनमनखी की मदद से घायल को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर इलाज के लिए लाया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा पूरे घटना क्रम की जांच की जा रही है। तथा घायल के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

हायर सेकण्डरी स्कूलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को ई-स्कूटी देने का निर्णय

भोपाल - मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक आज मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिये नवीन योजना अंतर्गत प्रदेश के सभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को ई-स्कूटी प्रदान करने का निर्णय लिया है। अगर एक से ज्यादा विद्यार्थियों के सर्वाधिक अंक है तो उन सभी को योजना का लाभ मिलेगा। जिन क्षेत्रों में ई-स्कूटी उपलब्ध नहीं है वहाँ पर स्कूटी प्रदाय की जाएगी। योजना से लगभग 9 हजार विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। वर्ष 2023-24 के बजट में योजना के क्रियान्वयन के लिये 135 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। उल्लेखनीय है कि विद्यार्थियों को विद्यालयों तक पहुँचने में सुविधा बढ़ाने तथा निर्भरता कम करने, उच्च शिक्षा के लिये प्रोत्साहित करने, आत्म-विश्वास जागृत करने के लिये नवीन योजना का प्रावधान किया गया है।

अवैध शराब के उत्पादन, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय पर सतत जारी है कार्यवाही

सिवनी यशोः- कलेक्टर क्षितिज सिंघल के आदेशो के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में जहरीली एवं अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने के लिए सतत कार्यवाही की जा रही हैं।

इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा 05 से 11 जून तक वृत्त उत्तर में 6 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 22.16 ब.ली.मदिरा एव 600 कि.ग्रा महुआ लाहन अनुमानित मूल्य 4757/-रू. को जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई इसी तरह दक्षिण में 3 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 15.0 ब.ली. मदिरा, वृत्त शहर में 3 प्रकरण 14.0 ब.ली. मदिरा, वृत्त लखनादौन में 3 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 7.2 ब.ली. मदिरा एवं वृत्त घंसौर में 4 प्रकरण पंजीबधद करते हुए 18.0 ब.ली. मदिरा जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

कलेक्टर ने सिविल हॉस्पिटल लखनादौन का औचक निरीक्षण कर चिकित्सकीय व्यवस्थाओं का अवलोकन किया

सिवनी यशोः- कलेक्टर क्षितिज सिंघल ने बुधवार 14 जून को सिविल हॉस्पिटल लखनादौन का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सालय के प्रत्येक वार्ड एवं शाखा का निरीक्षण करते चिकित्सकीय व्यवस्थाओ का अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश सम्बंधित चिकित्सकों को दिए। उन्होंने इस दौरान मरीजों से चर्चा कर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर उनक कुशलक्षेम जाना।

कलेक्टर श्री सिंघल ने निरीक्षण के दौरान अनुपस्थिति पाये गए चिकित्सक संतोष ठाकुर, डॉ परतेती, डॉ संजय शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी तरह स्वास्थ्य केन्द्र में संतोषजनक साफ-सफाई न पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश बीएमओ को दिए।

जबलपुर से पिकनिक मनाने पायली डैम आये 25 लोग, 19 वर्षीय युवक डूबा, मौत

सिवनी यशोः-मां नर्मदा नदी पर बने डेम के चलते विकासखंड

घंसौर स्थित पायली पर्यटन क्षेत्र मैं घूमने के लिए जिले व आसपास के जबलपुर, मंडला जिले से पर्यटक यहां पहुंचते हैं। मंगलवार को दोपहर लगभग 3 बजे जबलपुर से आए एक पर्यटक के पायली डेम में डूब जाने से यहां घूमने आए लोगों में मातम छा गया।

घंसौर थाना प्रभारी चैनसिंह उईके से मिली जानकारी के अनुसार गोहलपुर जबलपुर निवासी लगभग 20-25 लोग मंगलवार को पायली घंसौर घूमने आए जहां नर्मदा नदी के किनारे स्नान करने के दौरान 19 वर्षीय साहिल पिता शकील अहमद की पानी में डूब जाने से मौत हो गई। शकील के पानी में डूब जाने से उनके साथ ही लोगों ने अपने स्तर से बचाने का प्रयास तो किया लेकिन वे नाकामयाब रहे। कुछ देर बाद शकील के शव को बाहर निकाला गया। जहां उनके साथ आए लोग व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है

दावाझिर पीने के पानी के लिए लोग हो रहे परेशान

सिवनी यशोः- इन दिनों सिवनी जिले के कई क्षेत्रों में लोगों को पेयजल समस्या से जूझना पड़ रहा है, जिसके चलते लोग काफी आक्रोश में हैं। सिवनी जिले के ग्राम पंचायत पाटन के ग्राम दावाझिर में पीने के पानी के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना रहा है। गांव के कुएं से लोगों को प्यास बुझानी पड़ रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को जल समस्या के बारे में बताया गया। आज तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि गांव के कुएं भी सूखने की कगार पर हैं और गहरे कुंए ने बहुत कम पानी बचा है। उन्हें पेयजल के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। इसकी जानकारी पंचायत के जिम्मेदारों को भी दी, लेकिन ध्यान नहीं दिया जाता। इस संबंध में मनीराम ककोड़िया जनपद सदस्य और जनपद अध्यक्ष पति परसराम उइके और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के सदस्यों ने प्रशासनिक अधिकारी को जानकारी दी। जल्द से जल्द समस्या के समाधान की उम्मीद जताई है।

राशि निकलवाने के लिए बैंकों के सामने महिलाओं की लगी भीड़

सिवनी यशोः- सिवनी जिले में बैंकों व कियोस्क बैंकों के

सामने महिलाओं की भीड़ लगी हुई है। यह महिलाएं मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के 1000 रुपए निकलवाने के लिए बैंक आई हुई है। जानकारी के अनुसार सिवनी मुख्यालय सहित जिले भर के आठों विकासखंड में आजमुख्य ब्रांच बैंकों व कियोस्क बैंक शाखाओं के सामने महिलाओं की भीड़ एकत्रित है।

जो 10 जनवरी को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के तहत खाते पर आए 1000 निकलवाने के लिए लाइन पर लगी हुई है। 10 तारीख को शुभ शनिवार होने के कारण बैंक बंद रहे। वहीं कल रविवार को भी बैंक की छुट्टियां होने के चलते महिलाएं राशि नहीं निकलवा पाई। वहीं आज सोमवार को वर्किंग डे में बैंकों के सामने महिलाओं की भीड़ नजर आ रही है।

जो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की ओर से लाडली बहना के तहत दिए गए एक हजार रुपए निकलवाने के लिए लंबी कतार पर खड़ी हुई है। इस भीषण गर्मी में 1000 के लिए महिलाओं को काफी जद्दोजहद करना पड़ रहा है। वहीं लाडली बहना योजना का पैसा निकलवाने के लिए आई महिलाओं के कारण बैंक के दूसरे काम भी प्रभावित हो रहे हैं।

पैसे लेने के लिए कई महिलाओं का नम्बर 3-3 घंटे बाद लग रहा है। वहीं कुछ महिलाओं के खाते में राशि नही आने पर वह बैंक के कर्मचारियों से बहस कर रही हैं। कियोस्क बैंक संचालकों ने सभी महिलाओं की पासबुक एक साथ जमा करवा ली और उन्हें आराम से बैठने को कहा। ताकि गर्मी में उन्हें परेशान न होना पड़े। जिनकी पासबुक जिस क्रम से जमा हुई उस क्रम से नाम बुलाकर राशि निकालकर दी जा रही है।

चुनाव सहप्रभारी के आगमन पर निकाली रैली की जनसभा

मण्डला यशोः-आम आदमी पार्टी के दिल्ली के जंगपुरा विधानसभा के विधायक एवं विधानसभा चुनाव सहप्रभारी मप्र प्रवीण देशमुख का नगर आगमन हुआ। उनका पार्टी कार्यालय बिंझिया में जोरदार स्वागत किया गया जिसके पश्चात वाहन रैली शिखर पैलेस से निकाली गई। जो नगर के बिंझिया तिराहा, लालीपुर, बस स्टैंड, बड़ चौराहा, रेडक्रॉस, बैंगा बैगी चौराहा, नेहरू सम्मारक होते हुए आम आदमी पार्टी कार्यालय बिंझिया पहुंची। विधायक प्रवीण देशमुख ने दावा किया है कि मध्यप्रदेश में भाजपा, कांग्रेस के कई मौजूदा विधायक विधानसभा चुनाव लडने़ के लिए आम आदमी पार्टी का दामन थामेंगे। ऐसे कई पूर्व और वर्तमान विधायक उनकी पार्टी से संपर्क कर रहे है।

कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे प्रवीण देशमुख ने जनसभा को संबोधित करते हुए मध्यप्रदेश में पार्टी का संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। पार्टी यहां बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी प्रदेश में बड़ा मुद्दा है। संविदा कर्मियों को नियमित करने के लिए भी पार्टी यहां सरकार बनने पर काम करेगी। फिलहाल संविदा में युवकों की जवानी निकल जाती है और बाद में सरकार उन्हें टाटा बाय बाय बोल देती है।

ऐसे कर्मचारियों को सडक़ पर लाकर खड़ा कर दिया जाता है। पार्टी की सरकार मध्यप्रदेश में बनती है तो यहां संविदा नियुक्ति पर काम कर रहे कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा। वही रोजगार से जुडने़ के लिए कई ऐसे माध्यम बनाए जाएंगे जिससे जॉब मिल सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस के शीर्ष नेता आम आदमी पार्टी ज्वाइन करेंगे। प्रवीण देशमुख ने कहा कि आम आदमी पार्टी हर राज्य में विस्तार कर रही है। मध्यप्रदेश में भी इसका संगठन मजबूत हो रहा है। यहां भाजपा और कांग्रेस की सांठगांठ

को उजागर करने के लिए पार्टी काम करेगी। भाजपा ने यह भ्रष्टाचार का जो पहाड़ खड़ा किया है उसे तोडने़ के लिए भी पार्टी रणनीति बना रही है। यहां हर सीट पर प्रत्याशी उतारे जाएंगे। उन्होंने कहा कि कई सामाजिक संगठन पार्टी से जुडने़ के लिए तैयार है। कई पूर्व और वर्तमान विधायक, पूर्व मंत्री आम आदमी पार्टी में जुडने़ जा रहे हैं।

भाजपा और कांग्रेस के कई मौजूदा विधायक आम आदमी पार्टी से जल्दी जुड़ेंगे। यहां दिल्ली मॉडल की तर्ज पर स्कूल बनाए जाएंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, जिला सचिव चंद्रगुप्त नामदेव, लोकसभा अध्यक्ष पीडी खैरवार, लोकसभा उपाध्यक्ष डीडी कुम्हरे, लोकसभा सचिव अरविंद परस्ते, जिला यूथ अध्यक्ष आदित्य पटैल, ब्लॉक अध्यक्ष हितेन्द्र पटैल, सीएल सरौते, यशवंत जायसवाल, सोमनाथ पन्द्रे, शिशु भलावी, सौरभ नंदा, रामकुमार सारथी, रितेश यादव, मीडिया प्रभारी सहजान परस्ते सहित आम आदमी पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अवैध शिकार के मामले में 05 आरोपित पहुंचे जेल

सिवनी यशोः-जिले के दक्षिण सामान्य वनमंडल के परिक्षेत्र बरघाट के पाढरवानी वन क्षेत्र से वन विभाग की टीम ने बुधवार-गुरूवार की दरम्यिानी रात्रि को वन्यप्राणियों के शिकार करने के उद्देश्य से बंदूक लेकर वन क्षेत्र में घूम रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जिन्हें गुरूवार को जिला न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

वन परिक्षेत्र अधिकारी बरघाट पीयूष गौतम ने जानकारी देते हुये बताया कि बुधवार-गुरूवार की रात्रि वन विभाग की टीम वन क्षेत्र में गश्ती कर रही थी । इस दौरान कुछ लोग प्रतिबंधित वन क्षेत्र में दिखाई दिये जैसे ही आरोपियों ने वन विभाग के अमले को देखा तो वे भाग खड़े हुए लेकिन एक आरोपी मदन वन अमले की गिरफ्त में आ गया, जहां उससे पूछताछ की गई। मदन ने पूछताछ में बताया कि वह बीते तीन दिनों से उसके साथी क्रमशःजयपाल, गोविंद, स्वदेश व एक अन्य के साथ वन क्षेत्र में बंदूक लेकर वन्यप्राणियों का शिकार करने के उद्देश्य से आये थे। जिस पर वन विभाग की टीम ने मदन के बताये अनुसार अन्य चार साथियों को गिरफ्तार कर वन अपराध दर्ज किया इन के पास से शिकार में उपयोग की गई तीन मोटरसाईकिल, व एक बंदूक बरामद की गई है। वन विभाग ने सभी आरोपितों को गुरूवार को जिला न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से न्यायालय के आदेश उपरांत उन्हें जेल भेज दिया गया है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को मिले नगद इनाम

मंडला यशोः- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित चित्रकला एवं वॉलपेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने नगद पुरस्कार राशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर पर्यावरण जागरूकता गतिविधियों व अंकुर अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षकों, छात्रों व युवा वॉलेंटियर को सम्मानित किया गया। जिला योजना भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

ये हुए पुरस्कृत –

नेहरू पार्क में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में सृष्टि पांडे ने प्रथम, आदित्य सोनी ने द्वितीय एवं पल्लवी श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में दिशा तलपेजा ने प्रथम, श्रुति चंदेल ने द्वितीय एवं सुधी मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में शालिनी पटेल ने प्रथम, देवेन्द्र कुड़ापे ने द्वितीय एवं अंजल हिडाऊ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता में यूकेजी विशेष वर्ग से आरोही बरमैया, अथर्व पांडे एवं आलोक बरमैया को भी पुरस्कृत किया गया।

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक स्थगित

मंडला यशोः- सीईओ जिला पंचायत मंडला द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 16 जून को आयोजित होने वाली जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक आगामी तिथि तक के लिए स्थगित कर दी गई है। बैठक की संशोधित सूचना पृथक से जारी की जाएगी।

महाराजपुर, चिरईडोंगरी के अस्थायी जाँच नाके का निरीक्षण

मण्डला यशोः- कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने बुधवार को अपने भ्रमण के दौरान खनिज विभाग द्वारा 12 जून से प्रारंभ किए गए अस्थायी जाँचों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने महाराजपुर एवं चिरईडोंगरी जांच नाकों पर उपस्थित राजस्व, पुलिस एवं वन विभाग के अमले से वाहनों की चैकिंग संबंधी ज़रूरी जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि ओवरलोड, बिना ईटीपी के वाहनों पर नियमानुसार कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि जांच नाकों पर तैनात अमला अपनी सुरक्षा का संपूर्ण ध्यान रखते हुए ड्यूटी सुनिश्चित करें।

चिरईडोंगरी में नल के पानी का प्रेशर बढ़ाएं

कलेक्टर डॉ. सिडाना ने चिरईडोंगरी ग्राम में जलजीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से पंचायत द्वारा प्रतिदिन प्रदान किए जा रहे पानी का टाइमटेबल पूछा। उन्होंने ईई पीएचई को निर्देशित किया कि नल के पानी के प्रेशर को बढ़ाने के लिए ज़रूरी इंतज़ाम करें। कलेक्टर ने स्थानीय सरपंच से गाँव की समस्याओं पर चर्चा की तथा जल-जीवन मिशन के पंचायत द्वारा किए जा रहे प्रबंधन कार्य की जानकारी ली।

20 तारीख़ से बच्चों को स्कूल भेजें अभिभावक

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने चिरईडोंगरी में ग्रामीणों से चर्चा के दौरान बताया कि 20 जून से नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो रहा है। सभी अभिभावक 20 जून से अपने बच्चों को स्कूल भेजना प्रारंभ करें। इस दौरान स्कूल में किताब वितरण सहित अन्य गतिविधियां भी आयोजित होंगी।

अमृत सरोवर को बारिश के पूर्व पूरा करें

कलेक्टर डॉ. सिडाना ने नैनपुर क्षेत्र के अपने भ्रमण के दौरान कजरवाड़ा पंचायत के अंतर्गत ग्राम

भोंगाद्वार में चल रहे अमृत सरोवर निर्माण कार्य का जायज़ा लिया। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी अमृत सरोवर का कार्य बारिश के पूर्व पूरा करें। उन्होंने अमृत सरोवर निर्माण कार्य में संलग्न मनरेगा के नियोजन के संबंध में भी ज़रूरी जानकारी ली। कलेक्टर ने ग्रामीणों से अमृत सरोवर से होने वाली सिंचाई एवं मत्स्यपालन संबंधी फायदों के बारे में चर्चा की।

पुल निर्माण के गुणवत्ता की एक सप्ताह में रिपोर्ट दें

कलेक्टर ने अपने भ्रमण के दौरान भोंगाद्वार पंचायत के निर्माणाधीन पुल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पुल निर्माण की गुणवत्ता से गहरी नाराज़गी ज़ाहिर की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुल निर्माण के गुणवत्ता की एक हफ़्ते में रिपोर्ट दें। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य समय पर, गुणवत्ता के साथ एवं उपयुक्तता के साथ पूरा हो। कलेक्टर ने नैनपुर बायपास में निर्माणाधीन पुल का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित कॉन्ट्रेक्ट्स को निर्माण कार्य को गुणवत्तायुक्त एवं समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

आगामी 15 दिवस में सीमांकन के कार्यों के लिए विशेष अभियान चलाएं

एसडीएम एवं तहसील कोर्ट के निरीक्षण में कलेक्टर के निर्देश

मण्डला यशोः-कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने नैनपुर क्षेत्रों के भ्रमण के दौरान एसडीएम एवं नायब तहसीलदार कोर्ट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कोर्ट के विभिन्न लंबित प्रकरणों की प्रकरणवार जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि सीमांकन एवं अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए आगामी 15 दिवस में विशेष अभियान चलाकर काम करें। इस दौरान उन्होंने राजस्व प्रकरणों से जुड़े कार्य के लिए एसडीएम ऑफिस पहुँचे लोगों से बात की तथा उनकी समस्याओं के निराकरण के संबंध में ज़रूरी निर्देश दिये।

सर्वज्ञ सोनी शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में विधायक प्रतिनिधि मनोनीत

मण्डला। मण्डला जिले के शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में विधायक प्रतिनिधि के रूप में सर्वज्ञ सोनी पिता कमलनाथ सोनी निवासी भगतसिंह वार्ड को मनोनीत किया गया है। तत्संबंध का पत्र जारी करते हुये मण्डला विधायक ने प्राचार्य पॉलीटेक्निक कॉलेज से यह अपेक्षा की है कि शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज की अपेक्षित कार्यवाहियों में इन्हें सम्मिलित किया जाये। सर्वज्ञ सोनी के इस मनोनयन पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

लाड़ली बहना योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए पूरी टीम को बधाई - कलेक्टर डॉ. सिडाना

समय-सीमा बैठक संपन्न

मंडला यशोः- कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने प्रति सोमवार को आयोजित होने वाली समय-सीमा बैठक ली। बैठक में उन्होंने लाड़ली बहना योजना के सफल एवं बेहतर क्रियान्वयन के लिए पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की पूरी टीम द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के आवेदन प्राप्त करने से लेकर, पात्रता परीक्षण एवं खाते में पैसे ट्रांसफर तक की समस्त प्रक्रिया को सराहनीय रूप से पूरा किया गया। कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग, सभी सीईओ जनपद एवं सभी एसडीएम को बधाई दी। उन्होंने बधाई संदेश में कहा कि मंडला जिला मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के विभिन्न चरणों के क्रियान्वयन में विगत 2 माह में प्रदेश स्तर पर शीर्ष-5 रैंक में बना रहा। 10 जून को संपन्न हुई डीबीटी प्रक्रिया का क्रियान्वयन भी सफल रहा। बैठक में अपर कलेक्टर मीना मसराम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाईन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि संबंधित विभाग इस सप्ताह अधिक से अधिक सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण करें। उन्होंने ए, बी, सी तथा डी श्रेणी के विभागों की लंबित शिकायतवार समीक्षा की। डॉ. सिडाना ने राजस्व विभाग को संतुष्टि के साथ ज्यादा से ज्यादा शिकायतें निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में विभागों को मार्क किए गए पत्रों एवं उनके निराकरण की जानकारी भी ली।

लाड़ली बहना एवं सीखो-कमाओ योजना की समीक्षा

डॉ. सिडाना ने बैठक में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत डीबीटी से जुड़े विषयों की जनपदवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी डीबीटी के लिए बचे शेष प्रकरणों का जल्द निराकरण करें। कलेक्टर ने कहा कि हर पात्र महिला का डीबीटी जल्द पूर्ण करें। उन्होंने मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना की समीक्षा करते हुए रोजगार प्रदाता प्रतिष्ठानों के 7 जून से प्रारंभ हुए पंजीयन की विभागवार जानकारी ली। उन्होंने जीएमडीआईसी को निर्देशित किया कि रोजगार प्रदाता प्रतिष्ठानों एवं संबंधित विभागों से समन्वय करते हुए रजिस्ट्रेशन में प्रगति लाएं। 15 जून 2023 से मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के अंतर्गत जॉब के इच्छुक व्यक्तियों का पंजीयन प्रारंभ होगा।

15 दिन में कराएं क्वार्टर हेंडओवर का कार्य पूर्ण - डॉ. सिडाना

नैनपुर चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का कलेक्टर ने लिया जायजा

मण्डला यशोः-कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने नैनपुर के अपने भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पतालों में महिला, पुरूष सहित अन्य वार्डों का भ्रमण किया। इसी प्रकार दवाई वितरण कक्ष, स्टॉफ, नेत्र जाँच कक्ष आदि का भी निरीक्षण कर ज़रूरी व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। डॉ. सिडाना ने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग के स्टॉफ के लिए बनाए गए क्वार्टर का कार्य को पूर्ण करें तथा हेंडओवर की प्रक्रिया को आगामी 15 दिनों में सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि एएनसी वार्ड में महिलाओं के एनीमिया की जाँच भी अनिवार्यतः हो। इसी दौरान महिलाओं के ब्लडप्रेशर एवं हीमोग्लोबिन की भी जाँच सुनिश्चित करें।

मरीजों एवं परिजनों से की बात, दी सलाह

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने अस्पताल में अलग-अलग वार्डों के भ्रमण के दौरान मरीज़ों से बात की। उन्होंने चिकित्सकों से भर्ती मरीजों के उपचार की रिपोर्ट ली। उन्होंने मरीजों के साथ अस्पताल में आए परिजनों से भी चर्चा करते हुए चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। कलेक्टर ने मरीज़ों से चर्चा करते हुए उन्हें स्वास्थ्य सुधार संबंधी आत्मीय सलाह भी दी।

वृद्ध को घर पहुँचाने की व्यवस्था रेडक्रॉस से करें

कलेक्टर ने अपने भ्रमण के दौरान नैनपुर चिकित्सालय में भर्ती अन्य राज्य के वृद्ध से मुलाकात की तथा उनके स्वास्थ्य की स्थिति जानी। बताया गया कि वृद्ध अन्य राज्य से हैं तथा अस्वस्थ हैं। डॉ. सिडाना ने संबंधित बीएमओ को निर्देशित किया कि भर्ती वृद्ध का आवश्यक इलाज करते हुए इन्हें घर भेजने की व्यवस्था करें। उन्होंने वृद्ध को उनके घर पहुँचाने संबंधी व्यवस्था रेडक्रॉस के माध्यम से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मलेरिया निरोधक माह अंतर्गत ''मलेरिया रथ'' पहुँच रहा गांव - गांव

मंडला यशोः- जिला मलेरिया अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मलेरिया रोग का संक्रमणकाल मानसून के शुरुआत से ही प्रारंभ हो जाता है जो कि माह जून-जुलाई से शुरु होकर वर्ष के माह अक्टूबर-नवम्बर तक अधिक होता है। अतः इसकी रोकथाम एवं प्रचार-प्रसार हेतु प्राथमिकता के अनुसार मलेरिया प्रभावित ब्लाक व ग्रामों में व्यापक प्रचार-प्रसार व जनसमुदाय में जागरुकता हेतु जिला चिकित्सालय परिसर मण्डला से मलेरिया रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। मलेरिया नियंत्रण को सफल बनाने के लिए प्रत्येक वर्ष जून माह को मलेरिया निरोधक माह के रुप में मनाया जाता है, जिसमें विभिन्न गतिविधियाँ की जाती हैं। इस अवसर पर प्राचार्य, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण केन्द्र एवं प्रशिक्षणार्थी (स्वास्थ्य) एवं विभाग के लोकसेवकों ने भाग लिया।

मलेरिया रथ शहर के प्रमुख मार्गो से गुजरते हुए जिले के मलेरिया प्रभावित हाईरिस्क ग्रामों में माइकिंग, पम्पलेट वितरण, फ्लेक्स, बैनर इत्यादि के माध्यम से लोगों को मलेरिया एवं अन्य वाहक जनित रोगों से बचाव हेतु जागरुक करेगी। जनसमुदाय में मच्छरदानी के उपयोग एवं मच्छरजन्य परिस्थितियों को रोकने हेतु कूलर, गमले, मटके, टायर, टंकियों इत्यादि में रुके पानी को खाली करने एवं सप्ताह में एक बार अवश्य बदलने एवं लार्वा विनिष्टीकरण की जानकारी दी जा रही है। साथ ही बुखार रोगियों की त्वरित जांच व उपचार सुविधा भी मलेरिया रथ में उपस्थित कर्मचारी एवं स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही मलेरिया निरोधक माह में अन्य गतिविधियां जैसे- पंचायत स्तरीय कार्यशाला, मलेरिया रोगियों की खोज व जांच एवं उपचार, प्रशिक्षण, लार्वा सर्वे, लार्वा विनिष्टीकरण एवं प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

स्वस्थ मन, स्वस्थ तन अभियान के अंतर्गत आयोजन

मंडला यशोः- मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वस्थ मन, स्वस्थ तन अभियान जिला चिकित्सालय मण्डला के अंतर्गत जिला मानसिक स्वास्थ्य ईकाई मनकक्ष मण्डला में 10 जून को मनाया गया। **स्वस्थ मन, स्वस्थ तन अभियान** अंतर्गत **महिला मानसिक स्वास्थ्य, स्वस्थ जीवन शैली**, रचनात्मक कलाकृति, **मानसिक रोग परीक्षण**/उपचार/परामर्श, **मानसिक स्वास्थ्य** जागरूकता तथा **टैली मानस** है। डॉ0 कमलेश ठाकुर **मनकक्ष नोडल जिला चिकित्सालय मण्डला ने स्वस्थ मन**, स्वस्थ तन के लिए जिला मानसिक स्वास्थ्य ईकाई के माध्यम से मातृत्व एवं शिशु के मानसिक स्वास्थ्य के लिए जनमानस में जागरूकता एवं मानसिक रोगी के प्रति अंधविश्वास जैसे- झाड़फूंक करना एवं सामाजिक तिरस्कार आदि के विषय में नुकसान की विस्तृत चर्चा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से की गई। जैसे- रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर, नुक्कड़ नाटक, भाषण आदि के माध्यम से गर्भवती महिलाओं को गर्भवस्था या प्रसव पश्चात होने वाले मानसिक रोग जैसे- तनाव, एन्जाइटी मानसिक स्वास्थ्य के लिए की जानी वाली गतिविधियां जैसे- योगा, सरल आसन, संतुलित आहार, पारिवारिक खुशहाली, तनाव मुक्त जीवन शैली बताई गई।

विशेष आमसभा 26 को

मंडला यशोः-प्रशासक आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित हिरदेनगर से प्राप्त जानकारी के अनुसार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित हिरदेनगर में शासन द्वारा प्रस्तावित समिति पुनर्गठन एवं मॉडल बायलॉल लागू करने हेतु समिति द्वारा विशेष आमसभा का आयोजन किया गया है। विशेष आमसभा सोमवार 26 जून 2023 को दोपहर 12:30 बजे से समिति कार्यालय हिरदेनगर के प्रांगण में आयोजित की गई है। सभी कृषक/सदस्य समिति की विशेष आमसभा में उपस्थित हों। विशेष आमसभा में शासन के निर्देशानुसार समिति द्वारा प्रस्तावित पुनर्गठन समिति के संबंध में एवं शासन के निर्देशानुसार समिति के मॉडल बायलॉज लागू करने के संबंध में चर्चा की जाएगी।

उचित मूल्य दुकान तक सामग्री राशन प्रदाय हेतु ऑनलाईन 19 जून तक आमंत्रित

मंडला यशोः- जिला आपूर्ति अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजनान्तर्गत प्रदाय केन्द्र से उचित मूल्य दुकान तक सामग्री राशन प्रदाय कार्य हेतु विकासखण्ड नैनपुर जिला मण्डला का सेक्टर क्रमांक-13 में ऑनलाईन (समस्त पोर्टल ीजजचेरूध्ध्ेंउंजण्उचवदसपदमण्हवअण्पद) पर आवेदन 19 जून 2023 तक आमंत्रित किये गए हैं।

हितग्राही की अहर्ता में आवेदक जनपद पंचायत नैनपुर का निवासी हो, आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष की हो, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता 8वीं कक्षा उत्तीर्ण हो, आवेदक के परिवार की अधिकतम आय 12 लाख हो, आवेदक हेवी मोटर व्हीकल संचालन हेतु स्थाई वैध लायसेंसधारक हो, आवेदक बैंक से ऋण प्राप्त करने हेतु पात्र हो (डिफाल्टर न हो)। आवेदक शासकीय सेवक एवं पेंशनर न हो। (सेवानिवृत्त सैनिक को पात्रता होगी। आवेदक अन्य स्वरोजगार योजना में लाभान्वित न हो तथा आवेदक अपराधिक प्रवृति एवं पृष्ठ भूमि का न हो।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297